विधि विभाग

26.	माननीय उच्च न्यायालय, पटना परिसर में विभिन्न बहुमंजलीय भवनों यथा प्रशासनिक एवं आई०टी० भवन, ऑडोटोरियम एवं ADR भवन, मल्टी लेबल कार पार्किंग भवन, टाईप 'बी' आवासीय भवन, टाईप 'सी०' एवं 'डी०' आवासीय भवन, हाई साईड सर्विस भवन आदि निर्माण के निमित्त रू०–302,56,00,000/–(तीन सौ दो करोड़ छप्पन लाख रूपये) की प्राक्कलित राशि की प्रशासनिक स्वीकृति।	**26. स्वीकृत।**

सहकारिता विभाग

27.	सहकारिता विभाग के अधीन नवसृजित कार्यालयों सहित सभी विभागीय कार्यालयों में लिपिकीय पदों की उपलब्धता हेतु सहकारिता विभाग लिपिक संवर्ग के पूर्व से सृजित 498 पदों के अतिरिक्त विभिन्न कोटि के कुल 333 (तीन सौ तैंतीस) पदों के सृजन के संबंध में।	**27. स्वीकृत।**

सामान्य प्रशासन विभाग

28.	राज्याधीन सेवाओं की नियुक्ति एवं शैक्षणिक संस्थानों में नामांकन हेतु राज्य के मूल निवासी बेंचमार्क दिव्यांगजन मात्र को ही क्षैतिज आरक्षण अनुमान्य कराने के संबंध में।	**28. स्वीकृत।**

सामान्य प्रशासन विभाग

29.	नवसृजित मुख्य जाँच आयुक्त निदेशालय के सुदृढ़ीकरण एवं पुनर्गठन हेतु पदसृजन के संबंध में।	**29. स्वीकृत।**

स्वास्थ्य विभाग

30.	स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत बिहार फिजियोथेरापिस्ट/अकुपेशनल थेरापिस्ट संवर्ग के मूलकोटि एवं प्रोन्नति के पदों पर नियुक्ति एवं उनकी सेवा शर्त्तों के निर्धारण हेतु बिहार फिजियोथेरापिस्ट/अकुपेशनल थेरापिस्ट संवर्ग (तृतीय संशोधन) नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति के संबंध में।	**30. स्वीकृत।**

स्वास्थ्य विभाग

31.	राज्य में कैंसर की रोकथाम, चिकित्सा एवं समुचित प्रबंधन हेतु बिहार कैंसर केयर एण्ड रिसर्च सोसाईटी के गठन के संबंध में।	**31. स्वीकृत।**